# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## नवंबर भाग-1
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-1

1. सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. बंगाल की खाड़ी में गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा पर सुंदरबन मैंग्रोव वन हैं।
   2. विश्व विरासत समुद्री कार्यक्रम के तहत सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान भारत का एकमात्र सूचीबद्ध स्थल है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और बेगार को प्रतिबंधित करता है।
   2. भारत ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय की पुष्टि की है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में एक वैधानिक निकाय है।
   2. भारत के सभी निवासियों को एक 16-अंकीय विशिष्ट पहचान संख्या (आधार) प्रदान करना अनिवार्य है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

4. 'हेल्थ इंश्योरेंस फॉर इंडियाज़ मिसिंग मिडिल' रिपोर्ट निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की गई है?

   A. नीति आयोग
   B. स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
   C. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय
   D. भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)

5. व्यक्तिगत डेटा संरक्षण कानून, 2019 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह वर्ष 2017 के ऐतिहासिक के.एस. पुट्टास्वामी फैसले से प्रेरित है।
   2. भूल जाने का अधिकार भी इसी कानून का हिस्सा है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

6. 'भाषा संगम' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?

1. यह एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है।
2. इसका उद्देश्य 22 भारतीय भाषाओं के दैनिक उपयोग में आने वाले बुनियादी वाक्यों को सिखाना है।
3. इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा विकसित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) कार्यक्रम के तहत विभिन्न पहलों की शुरुआत की है।
- यह 22 भारतीय भाषाओं (आठवीं अनुसूची की भाषाएँ) के दैनिक उपयोग में आने वाले बुनियादी वाक्य सिखाने के लिये एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है एवं कथन 2 सही है।
  - इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
  - इसके पीछे यह विचार है कि लोगों को अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा में बुनियादी बातचीत संबंधी कौशल हासिल करना चाहिये।
  - यह दीक्षा, ई-पाठशाला और 22 पुस्तिकाओं के माध्यम से उपलब्ध है।
  - शुरू की गई अन्य पहलों में भाषा संगम मोबाइल एप और एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) क्विज़ एप शामिल हैं।

7. संविधान सभा की निम्नलिखित में से किस समिति की अध्यक्षता सरदार वल्लभभाई पटेल ने की थी?

1. मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति।
2. अल्पसंख्यकों एवं जनजातियों और बहिष्कृत क्षेत्रों पर समिति।
3. प्रांतीय संविधान समिति
4. संघ शक्ति समिति

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 3 और 4
C. केवल 4
D. 1, 2 और 3

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आसियान की स्थापना वर्ष 1967 में मनीला घोषणा द्वारा की गई थी।
2. आसियान भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

उत्तर: B

व्याख्या:

- दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
  - आसियान के संस्थापको अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में हुई थी। ।अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सदस्य राज्यों के अंग्रेजी नामों के वर्णानुक्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रति वर्ष रोटेट होती है।
- आसियान देशों की कुल आबादी 650 मिलियन है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह लगभग 86.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अत: कथन 2 सही है।

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. उच्च न्यायालयों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही को रद्द करने का अधिकार नहीं है।
    2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालयों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत कार्यवाही को रद्द करने के लिये निहित शक्तियाँ प्रदान करता है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. विश्व बैंक की स्थापना वर्ष 1944 में पुनर्निर्माण और विकास के लिये अंतर्राष्ट्रीय बैंक (IBRD) के रूप में की गई थी।
    2. वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट विश्व बैंक द्वारा जारी की जाती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. खासी हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (KHADC) संविधान की छठी अनुसूची के तहत एक निकाय है।
    2. संविधान की छठी अनुसूची में असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिजोरम में आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. दोनों 1 और 2
    D. न तो 1 और न ही 2

12. गंगा नदी डॉल्फिन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसे भारत के राष्ट्रीय जलीय जंतु के रूप में मान्यता प्राप्त है।
    2. यह केवल मीठे पानी में ही जीवित रह सकता है।
    3. इसे IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 1 और 3
    C. केवल 2
    D. 1, 2 और 3

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गंगा नदी डॉल्फिन के बचाव हेतु एक गाइडलाइन जारी की गई है।
  - इस दस्तावेज़ को 'टर्टल सर्वाइवल एलायंस' तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग (EFCCD) द्वारा तैयार किया गया है।
  - डॉल्फिन को भारत सरकार द्वारा 2009 में राष्ट्रीय जलीय पशु के रूप में मान्यता दी गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- खोज: इसे आधिकारिक तौर पर वर्ष 1801 में खोजा गया था।
  - ये नेपाल, भारत और बांग्लादेश की गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना तथा कर्णफुली-सांगू नदी प्रणालियों में रहती हैं।
  - गंगा नदी की डॉल्फिन केवल मीठे पानी में रह सकती है और वास्तव में दृष्टिहीन होती है। अत: कथन 2 सही है।
- संरक्षण की स्थिति:
  - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण), अधिनियम 1972: प्रथम अनुसूची।
  - प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ ((IUCN): लुप्तप्राय। अत: कथन 3 सही है।
  - लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट I (लुप्तप्राय)।

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. एक व्हिसलब्लोअर कोई भी हो सकता है जो गलत प्रथाओं को उजागर करने का चुनाव करता है और आरोपों का समर्थन करने के लिये सबूत रखता है।
    2. भारत में व्हिसलब्लोअर के संरक्षण से संबंधित कोई विशेष अधिनियम नहीं है।
    3. कानून और न्याय मंत्रालय ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के एक भाग के रूप में एक 'व्हिसलब्लोअर पोर्टल' लॉन्च किया है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 2
    D. केवल 3

14. मेघालय में विरासत की मातृवंशीय प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. इसका अभ्यास मेघालय में खासी, जयंतिया और गारो जनजातियों द्वारा किया जाता है।
    2. इस व्यवस्था में परिवार की सबसे छोटी बेटी (खतदुह) को पैतृक या कबीले की संपत्ति का पूरा हिस्सा सौंपा जाता है।
    3. इस पारंपरिक व्यवस्था में अगर किसी दंपति की कोई बेटी नहीं है तो संपत्ति पुत्र (पुत्रों) को विरासत में मिलती है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1 और 2
    B. केवल 2 और 3
    C. केवल 1
    D. 1, 2 और 3

15. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

    1. आदर्श आचार संहिता अनुच्छेद 324 के तहत एक संवैधानिक प्रावधान है।
    2. भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है।

    उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

    A. केवल 1
    B. केवल 2
    C. 1 और 2 दोनों
    D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मानव पेपिलोमावायरस (HPV) प्रजनन ट्रैक का सबसे आम वायरल संक्रमण है।
2. भारत में आधिकारिक तौर पर सभी के लिये HPV वैक्सीन की सिफारिश नहीं की गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | खेल पुरस्कार | विशेषताएँ |
|---|---|---|
| 1. | ध्यानचंद पुरस्कार | भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार। |
| 2. | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्राफी | विश्वविद्यालय स्तर के खेल प्रदर्शन के लिये दिया जाता है। |
| 3. | राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार | कॉर्पोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक), खेल नियंत्रण बोर्डों, गैर-सरकारी संगठनों आदि को दिया जाता है। |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

18. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (PCA) ढाँचा वाणिज्यिक बैंकों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षी हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है।
2. PCA ढाँचा भारत में कार्यरत सभी बैंकों पर लागू होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

19. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन का संस्थापक सदस्य है।
2. इसकी अध्यक्षता केवल आसियान सदस्य ही कर सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. मोल्नुपिरवीर (Molnupiravir) हाल ही में चर्चा में रहा है। यह निम्नलिखित में से किस रोग का इलाज करने हेतु निर्मित किया जा रहा है?

A. क्षयरोग
B. अल्जाइमर रोग
C. कोविड-19
D. ब्लड कैंसर

नोट :

21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'सरफेसी अधिनियम, 2002' भारत में परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनियों (ARCs) की स्थापना के लियेकानूनी आधार प्रदान करता है।
2. ARCs को भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा नियंत्रित किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. आदि शंकराचार्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने द्वैतवाद के सिद्धांत को प्रतिपादित किया।
2. उन्होंने शिंगेरी, पुरी, द्वारका और बद्रीनाथ में चार मठों की स्थापना की।
3. वे बौद्ध दार्शनिकों के विरोधी थे।
4. उनकी प्रमुख रचनाओं में ब्रह्मसूत्रभाष्य और भजगोविंदा स्तोत्र शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1, 2 और 4
B. केवल 2 और 4
C. केवल 1, 2 और 3
D. 1, 2, 3 और 4

23. अक्सर समाचारों में देखा जाने वाला वेस्ट बैंक नामक भू-भाग किससे घिरा है?

1. पूर्व में जॉर्डन
2. दक्षिण और पश्चिम में मिस्र
3. उत्तर में सीरिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तेंदुआ भारतीय उपमहाद्वीप और दक्षिण पूर्व एशिया में ही पाया जाता है।
2. तेंदुए को IUCN रेड लिस्ट के अंतर्गत लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. वर्ष 2014 के बाद से भारत में तेंदुओं की संख्या में वृद्धि हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

25. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. कामेंग नदी एक सीमा पार नदी है जो तिब्बत के पठार से निकलती है।
2. कामेंग नदी ब्रह्मपुत्र नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
3. डफला पहाड़ियाँ कामेंग नदी के पूर्व में स्थित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

26. भारत-फ्राँस संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दोनों देश ऑकस' (AUKUS) नामक एक नए सुरक्षा गठबंधन का हिस्सा हैं।
2. दोनों देशों के बीच पारस्परिक 'लॉजिस्टिक्स सपोर्ट एग्रीमेंट' के संबंध में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गए हैं।
3. फ्राँस हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का सदस्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 3
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटना तब होती है जब प्रजातियाँ प्रतिस्थापित होने की तुलना में बहुत तेज़ी से गायब होती हैं।
2. पृथ्वी ने अब तक कभी भी बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटना नहीं देखी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. निम्नलिखित में से कौन-सा/से पराली जलाने (Stubble Burning) का/के प्रतिकूल प्रभाव है/हैं?

1. वातावरण में उत्सर्जित ज़हरीले प्रदूषकों में कार्सिनोजेनिक पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन होता है।
2. यह मिट्टी में पोषक तत्त्वों को नष्ट कर देता है, जिससे यह कम उपजाऊ हो जाता है।
3. इससे मिट्टी में नमी और उपयोगी रोगाणुओं को नुकसान होता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

29. 'खाद्य मूल्य सूचकांक' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी किया जाता है।
2. यह खाद्य वस्तुओं की एक टोकरी की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में मासिक परिवर्तन को मापता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

30. 'वियना वर्गीकरण (VCL)' किससे संबंधित है?

A. चिह्नों के आलंकारिक तत्त्व।
B. ग्रहों की वस्तुओं का नामकरण।
C. हानिकारक प्रदूषकों का वर्गीकरण।
D. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नामकरण।

31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पद्म भूषण पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में सर्वोच्च है, उसके बाद पद्म विभूषण और पद्म श्री हैं।
2. पद्म पुरस्कार की एक उच्च श्रेणी किसी व्यक्ति को पहले के पद्म पुरस्कार से कम-से-कम पाँच साल के अंतराल के बाद ही प्रदान की जा सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

32. शिकागो कन्वेंशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह हवाई क्षेत्र की स्वतंत्रता के लिये मानक निर्धारित करता है।
2. इसने अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन की स्थापना की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. तकनीकी वस्त्र वे कार्यात्मक वस्त्र होते हैं जिनका अनुप्रयोग विभिन्न उद्योगों में होता है।
2. सरकार ने तकनीकी वस्त्र सेक्टर में ऑटोमैटिक रूट के तहत 100% FDI को मंज़ूरी दी है।
3. तकनीकी वस्त्र उत्पादों के निर्माण में लगी संस्थाओं को संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन कोष योजना के तहत सहायता की पेशकश की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

34. 'ग्लोबल ड्रग पॉलिसी इंडेक्स 2021' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ड्रग्स एंड क्राइम पर संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (UNODC) द्वारा जारी किया गया है।
2. सूचकांक का पहला संस्करण वर्ष 2019 में जारी किया गया था।
3. सूचकांक में भारत 18वें स्थान पर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

35. लॉजिस्टिक्स इज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) रिपोर्ट 2021 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी किया गया है।
2. यह राज्यों को सड़क, रेल और गोदाम आदि जैसे प्रमुख बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता और क्षमता के आधार पर रैंक प्रदान करता है।
3. गुजरात लगातार तीन साल से रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

36. यमुना नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह निम्न हिमालय में बंदरपूँछ चोटी के पास से निकलती है।
2. लखवाड़-व्यासी बांध और ताज़ेवाला बैराज बांध यमुना नदी पर निर्मित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित में से कौन से भारतीय शहर यूनेस्को के 'रचनात्मक शहरों का नेटवर्क' (UCCN) में शामिल हैं?

1. हैदराबाद
2. वाराणसी
3. जयपुर
4. श्रीनगर

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

38. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 39A यह सुनिश्चित करता है कि आर्थिक या अन्य दिव्यांगता के कारण किसी भी नागरिक को न्याय हासिल करने के अवसरों से वंचित न किया जाए।
2. विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत मुफ्त कानूनी सेवाएँ केवल सिविल मामलों में प्रदान की जाती हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'प्रोजेक्ट-75' भारतीय नौसेना के लिये स्वदेशी विमान वाहक के विकास से जुड़ा है।
2. स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों को फ्राँस के सहयोग से विकसित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

40. 'ग्लोबल रेज़िलिएंस इंडेक्स इनिशिएटिव' (GRII) निम्नलिखित में से किस 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़' (COP) के दौरान शुरू किया गया था?

A. COP-28
B. COP-25
C. COP-26
D. COP-24

41. दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता हाल ही में चर्चा में रही है। यह निम्नलिखित किन भू-राजनीतिक घटनाओं का समाधान प्रस्तुत करती है?

A. दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामकता
B. यमन में हूती विद्रोही
C. अफगानिस्तान शांति प्रक्रिया
D. रूस द्वारा क्रीमिया का विलय

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार प्राप्त है।
2. राज्य सरकार को अपनी सीमा के अंदर मौजूद खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार प्राप्त है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

43. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (MPLADS) एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
2. MPLAD निधि का उपयोग सुगम्य भारत अभियान के कार्यान्वयन हेतु भी किया जा सकता है।
3. राज्यसभा के मनोनीत सदस्य MPLADS योजना के तहत पात्र नहीं हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

44. भारत-स्वीडन संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. भारत और स्वीडन ने संयुक्त रूप से संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में 'लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांज़िशन' (LeadIT) लॉन्च किया।
2. भारत ने 'सिक्स नेशन पीस समिट' फ्रेमवर्क के अंतर्गत परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दों पर स्वीडन के साथ काम किया।
3. भारत स्वीडन की अध्यक्षता में एक पर्यवेक्षक के रूप में आर्कटिक परिषद में शामिल हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

45. नए सुगम्यता मानकों के लिये मसौदा दिशा-निर्देश निम्नलिखित में से किस मंत्रालय द्वारा जारी किये गए हैं:

A. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

B. सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय

C. कानून एवं न्याय मंत्रालय

D. इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय

46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना का खाका वर्ष 1946 में मौरिस ग्वायर समिति द्वारा तैयार किया गया था।
2. वर्ष 1957 में संस्कृति मंत्रालय ने दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय को एक अलग संस्थान घोषित किया और इसे अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण में रखा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

47. संसदीय विशेषाधिकार निम्नलिखित में से किसको प्राप्त हैं?

1. लोकसभा सदस्य
2. राज्यसभा सदस्य
3. राष्ट्रपति
4. भारत के महान्यायवादी
5. संसदीय सदनों की समितियाँ

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 5

B. केवल 1, 2, 3 और 5

C. केवल 1, 2, 4 और 5

D. 1, 2, 3, 4 और 5

नोट :

48. टिड्डियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जलवायु परिवर्तन टिड्डियों में बढ़ते प्रजनन का एक कारण है।
2. टिड्डी खाद्य सुरक्षा के लिये खतरा हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

49. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्होंने 1912 में उर्दू में अल-हिलाल नाम से एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की।
2. वर्ष 1923 में उन्हें केवल एक बार भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष के रूप में चुना गया था।
3. वर्ष 1992 में उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 1 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'डबल एस्ट्रॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट' (DART) नासा और इसरो का एक संयुक्त मिशन है।
2. इस मिशन का उद्देश्य नई विकसित तकनीक का परीक्षण करना है, जो एक अंतरिक्षयान को क्षुद्रग्रह से टकराकर उसकी दिशा को बदलने की अनुमति देगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

51. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में बाढ़ नियंत्रण और शमन का सीधे तौर पर उल्लेख नहीं किया गया है।
2. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची में समवर्ती सूची के तहत अंतर्राज्यीय नदियों और नदी घाटियों के विनियमन एवं विकास का उल्लेख किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

52. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| सैन्य अभ्यास | | देश |
|---|---|---|
| 1. शक्ति | - | भारत-फ्राँस |
| 2. गरुड़ शक्ति | - | भारत और इंडोनेशिया |
| 3. हरिमऊ शक्ति | - | भारत-मलेशिया |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 1 और 2

(C) केवल 2 और 3

(D) 1, 2 और 3

53. 'लाल सागर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्व में अरब प्रायद्वीप से घिरा है।
2. यह बाब अल मंदेब जलडमरूमध्य द्वारा अदन की खाड़ी और बाहरी हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित में से कौन-से भुगतान संतुलन के घटक हैं?

1. चालू खाता
2. पूंजी खाता
3. त्रुटियाँ तथा चूक
4. विदेशी मुद्रा भंडार

निम्नलिखित विकल्पों में से सही कूट का चयन कीजिये:

A. केवल 1, 2 और 4

B. केवल 2, 3 और 4

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2, 3 और 4

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वर्ष 1912 में अल्फ्रेड वेगेनर द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
2. मौजूदा सभी महाद्वीप अतीत में एक बड़े भूखंड से जुड़े हुए थे, जिसे 'पैंजिया' कहा जाता है।
3. पैंथलासा नामक एक विशाल महासागर मौजूद था जो पैंजिया को घेरे हुए था।

उपर्युक्त कथन निम्नलिखित में से किस भूवैज्ञानिक सिद्धांत से संबंधित हैं?

A. महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत

B. सीफ्लोर स्प्रेडिंग थ्योरी

C. कन्वेंशनल करेंट सिद्धांत

D. इनमें से कोई भी नहीं

नोट :

56. हाल ही में खबरों में रही 'कैसर-ए-हिंद' तितली को निम्नलिखित में से किसकी राज्य तितली के रूप में अनुमोदित किया गया है:

A. मेघालय
B. अरुणाचल प्रदेश
C. असम
D. त्रिपुरा

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. शिक्षा राज्य सूची का हिस्सा है।
2. शिक्षा से संबंधित प्रावधान संविधान के भाग III में निहित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. भारतीय रिज़र्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह बैंकों, एनबीएफसी और प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट प्लेयर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में कमी से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का निवारण प्रदान करेगा।
2. इसमें गैर-अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक शामिल नहीं हैं।
3. एकीकृत योजना के तहत आरबीआई गवर्नर अपीलीय प्राधिकारी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

59. निम्नलिखित देशों में से कौन सा देश बाल्टिक सागर के साथ सीमा साझा नहीं करता है?

A. डेनमार्क
B. जर्मनी
C. रूस
D. बेलारूस

60. अर्द्ध-उपग्रह हाल ही में चर्चा में रहे हैं। निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सबसे उपयुक्त रूप से इसका वर्णन करता है?

A. यह क्वांटम कंप्यूटिंग पर आधारित उपग्रह है।
B. चंद्रमा के दूर की ओर प्रक्षेपित किया जाने वाला उपग्रह
C. मंगल ग्रह के उपग्रह
D. पृथ्वी की कक्षा के पास अंतरिक्ष की चट्टानें जो सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती हैं।

## व्याख्या भाग-1

1.

उत्तर: C

व्याख्या:

- सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान पश्चिम बंगाल के कोलकाता के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और गंगा डेल्टा का हिस्सा है।
  - बंगाल की खाड़ी में गंगा, ब्रह्मपुत्र और मेघना नदियों के डेल्टा पर सुंदरबन मैंग्रोव वन हैं। अत: कथन 1 सही है।

नोट :

- यह क्षेत्र जीवों की विस्तृत श्रृंखला के लिये जाना जाता है। यह कई दुर्लभ और विश्व स्तर पर खतरे में पड़ी वन्यजीव प्रजातियों जैसे कि एश्चुरीयन मगरमच्छ, रॉयल बंगाल टाइगर, वाटर मॉनिटर छिपकली, गंगा डॉल्फिन और ओलिव रिडले कछुए का निवास है ।
- विश्व विरासत समुद्री कार्यक्रम के तहत सुंदरबन राष्ट्रीय उद्यान भारत का एकमात्र सूचीबद्ध स्थल है। अत: कथन 2 सही है।
    - यह उष्णकटिबंधीय से ध्रुवों तक फैले अद्वितीय समुद्री स्थानों का एक वैश्विक संग्रह है।
    - अभी तक इस सूची में 37 देशों में 50 अद्वितीय महासागर स्थल शामिल हैं जिनको उनकी अद्वितीय समुद्री जैव विविधता, विशिष्ट पारिस्थितिकी तंत्र, अद्वितीय भूवैज्ञानिक प्रक्रियाओं या अतुलनीय सुंदरता के लिये मान्यता दी गई है।

2.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शंघाई सहयोग संगठन (SCO)ने नई दिल्ली में आयोजित अपनी 19वीं बैठक (अभियोजक जनरल की) में मानव तस्करी, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी के बढ़ते खतरे को रोकने और उसका मुकाबला करने हेतु सहयोग को मज़बूत करने के लिये एक प्रोटोकॉल को अपनाया।
    - उत्पीडन में शारीरिक या यौन शोषण के अन्य रूप,बलात् श्रम या सेवाएँ,,दास बनाना या ज़बरन शरीर के अंग निकलना आदि शामिल हैं।
- भारत में प्रासंगिक कानून:
    - अनैतिक व्यापार (रोकथाम) अधिनियम,1956 इस मुद्दे से निपटने के लिये प्रमुख कानून है।
    - भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 (शोषण के खिलाफ अधिकार)।
    - अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और बेगार (बिना भुगतान के जबरन श्रम) को प्रतिबंधित करता है। अत: कथन 1 सही है।
    - आईपीसी में 25 धाराएँ, जैसे- 366A, 366B, 370 और 374।
    - किशोर न्याय अधिनियम और सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम तथा बाल श्रम रोकथाम अधिनियम, बंधुआ श्रम (उन्मूलन) अधिनियम आदि।
    - जुलाई 2021 में महिला और बाल विकास मंत्रालय ने मानव तस्करी विरोधी विधेयक, व्यक्तियों की तस्करी (रोकथाम, देखभाल और पुनर्वास) विधेयक, 2021 का मसौदा जारी किया।
- भारत ने अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध (पलेर्मो कन्वेंशन) पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय की पुष्टि की है, जिसमें अन्य लोगों के बीच विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने और दंडित करने के लिये एक प्रोटोकॉल है। अत: कथन 2 सही है।
- भारत ने वेश्यावृत्ति के लिये महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने और उनका मुकाबला करने हेतु सार्क कन्वेंशन की पुष्टि की है।

3.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) आधार अधिनियम 2016 के प्रावधानों का पालन करते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा 12 जुलाई, 2016 को स्थापित एक वैधानिक प्राधिकरण है। अत: कथन 1 सही है।
- UIDAI को भारत के सभी निवासियों को 12 अंकों की विशिष्ट पहचान (UID) संख्या (आधार) प्रदान करना अनिवार्य है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- UIDAI की स्थापना भारत सरकार द्वारा जनवरी 2009 में योजना आयोग के तत्वावधान में एक संलग्न कार्यालय के रूप में की गई थी।

नोट :

4.

उत्तर: A

व्याख्या

- हाल ही में 'नीति आयोग' ने 'हेल्थ इंश्योरेंस फॉर इंडियाज़ मिसिंग मिडिल' शीर्षक से एक व्यापक रिपोर्ट जारी की है।
    - यह रिपोर्ट भारतीय आबादी में स्वास्थ्य बीमा कवरेज के अंतराल को प्रस्तुत करती है और इस समस्या से निपटने के लिये समाधान प्रदान करती है।.
- रिपोर्ट के अनुसार, कम-से-कम 30% आबादी या 40 करोड़ व्यक्तियों के पास स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की वित्तीय सुरक्षा मौजूद नही है, ऐसे लोगों को इस रिपोर्ट में 'मिसिंग मिडिल' के रूप में संदर्भित किया गया है।
    - 'आयुष्मान भारत- प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' (AB-PMJAY) और विभिन्न राज्य सरकारों की योजनाएँ, आबादी के निचले 50% हिस्से को अस्पताल में भर्ती संबंधी व्यापक कवर प्रदान करती हैं।
    - लगभग 20% आबादी यानी 25 करोड़ व्यक्ति- सामाजिक स्वास्थ्य बीमा और निजी स्वैच्छिक स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से कवर किये जाते हैं। अत: विकल्प A सही है।

5.

उत्तर: B

व्याख्या:

- व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (पीडीपी) कानून, जिसे आमतौर पर "गोपनीयता विधेयक" के रूप में जाना जाता है और यह डेटा के संग्रह, संचालन एवं प्रसंस्करण को विनियमित करके व्यक्तिगत अधिकारों की रक्षा करने का वादा करता है जिसके द्वारा व्यक्ति की पहचान किया जा सकता है।
    - यह सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति बी.एन. श्रीकृष्ण की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा विगत में तैयार किये गए मसौदे से प्रेरित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - सर्वोच्च न्यायालय ने पुट्टस्वामी फैसले (2017) में कहा कि निजता का अधिकार एक मौलिक अधिकार है।
- यह विधेयक सरकार को विदेशों से कुछ प्रकार के व्यक्तिगत डेटा के हस्तांतरण को अधिकृत करने की शक्ति देता है और सरकारी एजेंसियों को नागरिकों के व्यक्तिगत डेटा एकत्र करने की अनुमति देता है।
    - कानून के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिये एक डेटा संरक्षण प्राधिकरण की परिकल्पना की गई है।
    - इसमें 'भूलने के अधिकार' का भी उल्लेख है। इसमें कहा गया है कि 'डेटा प्रिंसिपल' (जिस व्यक्ति से डेटा संबंधित है) को 'डेटा फिड्यूशरी' द्वारा अपने व्यक्तिगत डेटा के निरंतर प्रकटीकरण को प्रतिबंधित करने या रोकने का अधिकार होगा। अत: कथन 2 सही है।

6.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) कार्यक्रम के तहत विभिन्न पहलों की शुरुआत की है।
- यह 22 भारतीय भाषाओं (आठवीं अनुसूची की भाषाएँ) के दैनिक उपयोग में आने वाले बुनियादी वाक्य सिखाने के लिये एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। अत: कथन 1 सही नहीं है एवं कथन 2 सही है।
    - इसे राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT) द्वारा विकसित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।
    - इसके पीछे यह विचार है कि लोगों को अपनी मातृभाषा के अलावा किसी अन्य भारतीय भाषा में बुनियादी बातचीत संबंधी कौशल हासिल करना चाहिये।
    - यह दीक्षा, ई-पाठशाला और 22 पुस्तिकाओं के माध्यम से उपलब्ध है।
    - शुरू की गई अन्य पहलों में भाषा संगम मोबाइल एप और एक भारत श्रेष्ठ भारत (EBSB) क्विज़ एप शामिल हैं।

नोट :

7.

उत्तर: D

व्याख्या

- सरदार वल्लभभाई पटेल, स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और उप प्रधानमंत्री थे।
- भारतीय रियासतों के भारतीय संघ में एकीकरण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने और रियासतों को भारतीय संघ के साथ जुड़ने के लिये राजी करने हेतु इन्हें "भारत के लौह पुरुष" के रूप में जाना जाता है।
- उन्होंने भारतीय संविधान सभा की विभिन्न समितियों का नेतृत्त्व किया-
    - मौलिक अधिकारों पर सलाहकार समिति।
    - अल्पसंख्यकों और जनजातीय व बहिष्कृत क्षेत्रों पर समिति।
    - प्रांतीय संविधान समिति।
    - 'संघ शक्ति समिति' की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नेहरु द्वारा की गई थी। अत: विकल्प D सही है।

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- दक्षिण पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ (आसियान) एक क्षेत्रीय समूह है जो आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देता है।
    - आसियान के संस्थापको अर्थात् इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड द्वारा आसियान घोषणा (बैंकॉक घोषणा) पर हस्ताक्षर के साथ इसकी स्थापना अगस्त 1967 में बैंकॉक, थाईलैंड में हुई थी। ।अत: कथन 1 सही नहीं है।
- सदस्य राज्यों के अंग्रेजी नामों के वर्णानुक्रम के आधार पर इसकी अध्यक्षता प्रति वर्ष रोटेट होती है।
- आसियान देशों की कुल आबादी 650 मिलियन है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर है। यह लगभग 86.9 बिलियन अमरीकी डॉलर के व्यापार के साथ भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। अत: कथन 2 सही है।

9.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने एक फैसले का अवलोकन करते हुए पाया कि शीर्ष अदालत और उच्च न्यायालयों के पास एससी/एसटी अधिनियम सहित विभिन्न 'विशेष क़ानूनों' के तहत दायर आपराधिक मामलों को रद्द करने की शक्ति है।
    - अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के तहत कार्यवाही को रद्द करने के लिये सर्वोच्च न्यायालय के पास संविधान के अनुच्छेद 142 या उच्च न्यायालय के आपराधिक प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत निहित शक्तियाँ हैं।
    - अत: कथन 1 सही नहीं है लेकिन कथन 2 सही है।
- 'विशेष कानून' के तहत मामलों को रद्द करने की स्थिति:
    - जहाँ न्यायालय को यह प्रतीत होता है कि विचाराधीन अपराध, भले ही एससी/एसटी अधिनियम के अंतर्गत आता है, प्राथमिक रूप से निजी या दीवानी प्रकृति का है, या जहाँ कथित अपराध पीड़ित की जाति के आधार पर नहीं किया गया है, या कानूनी कार्यवाही को जारी रखना कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा, न्यायालय कार्यवाही को रद्द करने के लिये अपनी शक्तियों का प्रयोग कर सकता है।
    - जब दोनों पक्षों के बीच समझौता/निपटान के आधार पर रद्द करने की प्रार्थना पर विचार करते समय, यदि न्यायालय संतुष्ट हो जाता है कि अधिनियम के अंतर्निहित उद्देश्य का उल्लंघन नहीं किया जाएगा या कम नहीं किया जाएगा, भले ही विवादित अपराध के लिये दंडित न किया जाए।

नोट :

10.

उत्तर: C

व्याख्या:

- विश्व बैंक
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) तथा अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की स्थापना एक साथ वर्ष 1944 में अमेरिका के न्यू हैम्पशायर में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन के दौरान हुई थी।
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD) को ही विश्व बैंक के रूप में जाना जाता है। अत: कथन 1 सही है।
  - विश्व बैंक समूह विकासशील देशों में गरीबी को कम करने और साझा समृद्धि का निर्माण करने वाले स्थायी समाधानों के लिये काम कर रहे पाँच संस्थानों की एक अनूठी वैश्विक साझेदारी है।
- सदस्य:
  - 189 देश इसके सदस्य हैं।
  - भारत भी एक सदस्य देश है।
- प्रमुख रिपोर्ट:
  - ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस (हाल ही में प्रकाशन बंद कर दिया गया)।
  - ह्यूमन कैपिटल इंडेक्स।
  - वर्ल्ड डेवलपमेंट रिपोर्ट। अत: कथन 2 सही है।
- पाँच प्रमुख संस्थान
  - अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक (IBRD)
  - अंतर्राष्ट्रीय विकास संघ (IDA)
  - अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम (IFC)
  - बहुपक्षीय निवेश गारंटी एजेंसी (MIGA)
  - निवेश विवादों के निपटारे के लिये अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (ICSID)
    - भारत इसका सदस्य नहीं है।

11.

उत्तर: C

व्याख्या:

- खासी हिल्स ऑटोनॉमस डिस्ट्रिक्ट काउंसिल (KHADC) संविधान की छठी अनुसूची के तहत एक निकाय है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे कानून बनाने का अधिकार नहीं है।
- छठी अनुसूची का अनुच्छेद 12A राज्य विधानमंडल को कानून पारित करने का अंतिम अधिकार देता है।
- संविधान की छठी अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम राज्यों में जनजातीय आबादी के अधिकारों की रक्षा के लिये आदिवासी क्षेत्रों के प्रशासन का प्रावधान करती है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह विशेष प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 244 (2) और अनुच्छेद 275 (1) के तहत किया गया है।
  - यह स्वायत्त ज़िला परिषदों ((ADCs) के माध्यम से उन क्षेत्रों के प्रशासन को स्वायत्तता प्रदान करता है, जिन्हें अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों के संबंध में कानून बनाने का अधिकार है।

12.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में जल शक्ति मंत्रालय द्वारा गंगा नदी डॉल्फिन के बचाव हेतु एक गाइडलाइन जारी की गई है।
    - इस दस्तावेज़ को 'टर्टल सर्वाइवल एलायंस' तथा उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग (EFCCD) द्वारा तैयार किया गया है।
    - डॉल्फिन को भारत सरकार द्वारा 2009 में राष्ट्रीय जलीय पशु के रूप में मान्यता दी गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- खोज: इसे आधिकारिक तौर पर वर्ष 1801 में खोजा गया था।
    - ये नेपाल, भारत और बांग्लादेश की गंगा-ब्रह्मपुत्र-मेघना तथा कर्णफुली-सांगू नदी प्रणालियों में रहती हैं।
    - गंगा नदी की डॉल्फिन केवल मीठे पानी में रह सकती है और वास्तव में दृष्टिहीन होती है। अत: कथन 2 सही है।
- संरक्षण की स्थिति:
    - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण), अधिनियम 1972: प्रथम अनुसूची।
    - प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ ((IUCN): लुप्तप्राय। अत: कथन 3 सही है।
    - लुप्तप्राय प्रजातियों में अंतर्राष्ट्रीय व्यापार पर कन्वेंशन (CITES): परिशिष्ट I (लुप्तप्राय)।

13.

उत्तर: B

व्याख्या:

- कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार- व्हिसलब्लोइंग (Whistleblowing) एक ऐसी कार्रवाई है जिसका उद्देश्य किसी संगठन में अनैतिक प्रथाओं (जैसे कि अनियमित लेखांकन) के लिये हितधारकों का ध्यान आकर्षित करना हैं।
- एक व्हिसलब्लोअर कोई भी व्यक्ति हो सकता है जो गलत प्रथाओं को उजागर करता है और आरोपों का समर्थन करने के लिए सबूत रखता है। अत: कथन 1 सही है।
    - ये संगठन के भीतर या बाहर से हो सकते हैं, जैसे- वर्तमान और पूर्व कर्मचारी, शेयरधारक, बाहरी लेखा परीक्षक और अधिवक्ता।
- भारत में व्हिसलब्लोअर को व्हिसलब्लोअर्स संरक्षण अधिनियम, 2014 (WhistleBlowers Protection Act, 2014) द्वारा संरक्षित किया जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - जनवरी 2020 में, भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) इनसाइडर ट्रेडिंग मामलों के बारे में जानकारी साझा करने के लिये व्हिसल ब्लोअर और अन्य मुखबिरों को पुरस्कृत करने के लिये एक नए तंत्रको को लागू किया है।
        - इनसाइडर ट्रेडिंग शेयर बाज़ार में एक अनुचित और अवैध प्रथा है, जिसमें किसी कंपनी के बारे में महत्वपूर्ण इनसाइडर गैर-सार्वजनिक जानकारी की कमी के कारण अन्य निवेशकों को काफी नुकसान होता है।.
- हाल ही में भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास एजेंसी (IREDA) ने 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021' के एक भाग के रूप में 'व्हिसलब्लोअर पोर्टल' लॉन्च किया है।
    - यह भ्रष्टाचार के प्रति IREDA की "ज़ीरो टॉलरेंस" का एक हिस्सा है। इस पोर्टल के माध्यम से IREDA के कर्मचारी धोखाधड़ी, भ्रष्टाचार, सत्ता के दुरुपयोग आदि से संबंधित चिंताओं को उठा सकते हैं।
    - IREDA नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत सरकार का एक मिनी रत्न (श्रेणी - I) उद्यम है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

नोट :

14.

उत्तर: A

व्याख्या:

- विरासत की मातृवंशीय प्रणाली के बारे में:
    - मेघालय की तीन जनजातियाँ- खासी, जयंतिया और गारो, विरासत की एक मातृवंशीय प्रणाली का अभ्यास करती हैं। इस प्रणाली में वंश और वंश का पता माता के वंश से चलता है। अत: कथन 1 सही है।
    - दूसरे शब्दों में बच्चे माँ का उपनाम लेते हैं, पति अपनी पत्नी के घर में चला जाता है और परिवार की सबसे छोटी बेटी (खतदुह) को पैतृक या कबीले की संपत्ति का पूरा हिस्सा सौंपा जाता है। अत: कथन 2 सही है।
        - खतदुह भूमि की "संरक्षक" बन जाती है और भूमि से जुड़ी सभी ज़िम्मेदारी लेती है, जिसमें वृद्ध माता-पिता, अविवाहित या निराश्रित भाई-बहनों की देखभाल करना शामिल है।
    - यह विरासत परंपरा केवल पैतृक या कबीले/सामुदायिक संपत्ति पर लागू होती है, जो वर्षों से परिवार के साथ हैं। इसके अलावा स्व-अर्जित संपत्ति भाई-बहनों के बीच समान रूप से वितरित की जा सकती है।
    - इस पारंपरिक व्यवस्था में अगर किसी दंपति की कोई बेटी नहीं है, तो संपत्ति पत्नी की बड़ी बहन और उसकी बेटियों को सौंप दी जाती है।
        - यदि पत्नी की बहन नहीं है, तो आमतौर पर कबीला संपत्ति पर कब्ज़ा कर लेता है। अत: कथन 3 सही नहीं है।

15.

उत्तर: B

व्याख्या

- आदर्श आचार संहिता (MCC) निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव से पूर्व राजनीतिक दलों और उनके उम्मीदवारों के विनियमन तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने हेतु जारी दिशा-निर्देशों का एक समूह है।
    - आदर्श आचार संहिता (MCC) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुरूप है, जिसके तहत निर्वाचन आयोग (EC) को संसद तथा राज्य विधानसभाओं में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनावों की निगरानी और संचालन करने की शक्ति दी गई है।
    - हालाँकि, आदर्श आचार संहिता न तो संवैधानिक है और न ही वैधानिक प्रावधान। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- भारतीय संविधान का भाग XV चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना करता है। अत: कथन 2 सही है।

16.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मानव पेपिलोमावायरस (HPV) प्रजनन ट्रैक का सबसे आम वायरल संक्रमण है। अत: कथन 1 सही है।
- HPV के 100 से अधिक प्रकार हैं।
    - 40 से अधिक प्रकार के HPV सीधे यौन संपर्क के माध्यम से फैलते हैं।
    - इन 40 में से दो जननांग कैंसर का कारण बनते हैं, जबकि लगभग एक दर्जन HPV गर्भाशय ग्रीवा, गुदा, ऑरोफरीन्जियल, पेनाइल, वुल्वर और योनि सहित विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण बनते हैं।
- हाल ही में नए शोध में पाया गया है कि ह्यूमन पैपिलोमावायरस (HPV) वैक्सीन महिलाओं में ग्रीवा कैंसर के खतरे को काफी कम कर देती है।
- इसके अलावा भारत में ग्रीवा कैंसर के लगभग 77% मामलों का कारण HPV 16 और 18 हैं।
    - भारत में द्विसंयोजक और क्वाडरिवेलेंट HPV टीकों के लिये वर्ष 2008 में लाइसेंस दिया गया था और गैर-वैलेंट वैक्सीन को वर्ष 2018 में लाइसेंस दिया गया था।
    - आधिकारिक तौर पर भारत में पुरुषों के लिये HPV वैक्सीन की सिफारिश नहीं की गई है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

नोट :

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2021 की घोषणा की गई जिसमें केंद्र सरकार द्वारा भारत के खिलाड़ियों को दिये जाने वाले छह अलग-अलग पुरस्कार शामिल हैं। जो इस प्रकार है-
    - मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार: इस पुरस्कार को पहले राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार के रूप में जाना जाता था, यह भारत में किसी खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल सम्मान है और इसे वर्ष 1991-92 में स्थापित किया गया था। अत: युग्म 1 सुमेलित नहीं है।
        - यह विगत चार वर्षों की अवधि में किसी खिलाड़ी द्वारा खेल के क्षेत्र में शानदार एवं सबसे उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये दिया जाने वाला सर्वोच्च खेल पुरस्कार है।
    - अर्जुन पुरस्कार: इसे वर्ष 1961 में भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय खेल आयोजनों में उत्कृष्ट उपलब्धि को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया था।
        - यह विगत चार वर्षों की अवधि में अच्छे प्रदर्शन और नेतृत्व, खेल भावना एवं अनुशासन की भावना बनाए रखने वाले खिलाडियों को दिया जाता है।
    - द्रोणाचार्य पुरस्कार: इसे वर्ष 1985 में भारत सरकार द्वारा खेलों में उत्कृष्ट प्रशिक्षण को मान्यता देने के लिये स्थापित किया गया था।
        - यह कोचों को सुसंगत आधार पर उत्कृष्ट और मेधावी कार्य करने और खिलाड़ियों को अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने में सक्षम बनाने के लिये दिया जाता है।
    - ध्यानचंद पुरस्कार: इस पुरस्कार की शुरुआत वर्ष 2002 में हुई थी। इस पुरस्कार के विजेता को ध्यानचंद की एक प्रतिमा, एक प्रमाण पत्र, औपचारिक पोशाक और 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है।
        - यह उन खिलाड़ियों को सम्मानित करने के लिये दिया जाता है जिन्होंने अपने प्रदर्शन से खेल में योगदान दिया है और सेवानिवृत्ति के बाद भी खेल आयोजनों को बढ़ावा देने में योगदान देना जारी रखा है।
    - मौलाना अबुल कलाम आज़ाद ट्राफी: इसकी स्थापना वर्ष 1956-57 में हुई थी।
        - यह विश्वविद्यालय स्तर के खेल प्रदर्शन के लिये दी जाती है। अत: युग्म 2 सही सुमेलित है।
        - यह विगत एक वर्ष की अवधि में 'अंतर-विश्वविद्यालयी टूर्नामेंटों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन' करने वाले विश्वविद्यालय को दी जाती है।
    - राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार: इसकी स्थापना वर्ष 2009 में हुई थी।
        - यह उन कॉरपोरेट संस्थाओं (निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में), खेल नियंत्रण बोर्डों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर खेल निकायों सहित गैर-सरकारी संगठनों को दिया जाता है जिन्होंने खेलों के प्रोत्साहन और विकास के क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अत: युग्म 3 सही सुमेलित है।

18.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई' (PCA) ढाँचा उचित समय पर वाणिज्यिक बैंकों पर भारतीय रिज़र्व बैंक के पर्यवेक्षी हस्तक्षेप को सक्षम बनाता है और प्रभावी बाज़ार अनुशासन सुनिश्चित करता है। अत: कथन 1 सही है।
- यह ढाँचा भारत में परिचालित सभी बैंकों पर लागू होता है, जिसमें शाखाओं या सहायक कंपनियों के माध्यम से परिचालन करने वाले विदेशी बैंक भी शामिल हैं। अत: कथन 2 सही है।
    - हालाँकि भुगतान बैंकों और 'छोटे वित्त बैंकों' (SFBs) को उन ऋणदाताओं की सूची से हटा दिया गया है, जहाँ रिज़र्व बैंक द्वारा त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू की जा सकती है।

नोट :

19.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वर्ष 2005 में स्थापित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के समक्ष उत्पन्न होने वाली प्रमुख राजनीतिक, सुरक्षा और आर्थिक चुनौतियों पर रणनीतिक बातचीत एवं सहयोग हेतु 18 क्षेत्रीय नेताओं (देशों) का एक मंच है।
  - इसमें आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्र संघ) के दस सदस्य देश- ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्याँमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम है।
    - 8 अन्य देश- ऑस्ट्रेलिया, चीन, जापान, भारत, न्यूज़ीलैंड, कोरिया गणराज्य, रूस एवं संयुक्त राज्य अमेरिका शामिल हैं।
  - यह आसियान देशों पर केंद्रित एक मंच है, इसलिये इसकी अध्यक्षता केवल आसियान सदस्य ही कर सकता है। अत: कथन 2 सही है।
    - वर्ष 2021 के लिये इसकी अध्यक्षता ब्रुनेई दारुस्सलाम (Brunei Darussalam) के पास है।
- भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन:
  - भारत पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के संस्थापक सदस्यों में से एक है। अत: कथन 1 सही है।
  - भारत ने नवंबर 2019 में बैंकॉक में आयोजित पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भारत की इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) का अनावरण किया था, जिसका उद्देश्य एक सुरक्षित और स्थिर समुद्री डोमेन या अधिकार क्षेत्र के निर्माण के लिये भागीदार बनाना है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मोल्नुपिरवीर के बारे में:
  - हाल ही में एक ओरल ड्रग मोल्नुपिरवीर (Molnupiravir) के तीसरे चरण के परीक्षण में दावा किया गया है कि यह कोविड-19 रोगियों में अस्पताल में भर्ती होने के जोखिम को 50 फीसदी तक कम कर सकती है।
  - यह व्यापक स्पेक्ट्रम एंटीवायरल दवाओं के एक वर्ग से संबंधित है जिसे न्यूक्लियोसाइड एनालॉग्स (Nucleoside Analogues) कहा जाता है।
    - वे वायरल आरएनए (राइबोन्यूक्लिक एसिड) पोलीमरेज़ के कार्य में हस्तक्षेप करते हैं जो एंजाइम होते हैं, जिनसे संक्रमित कोशिकाओं में नए वायरल आरएनए बनते हैं।
    - आरएनए राइबोन्यूक्लियोटाइड्स का एक बहुलक और एक महत्त्वपूर्ण जैविक मैक्रोमोलेक्यूल है जो सभी जैविक कोशिकाओं में मौजूद होता है।
- यह मुख्य रूप से प्रोटीन के संश्लेषण में शामिल होता है, जो डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (डीएनए) से संदेशवाहक निर्देशों को ले जाता है, जिसमें स्वयं जीवन के विकास और रखरखाव के लिये आवश्यक आनुवंशिक निर्देश होते हैं।
  - यह वायरस को अपने स्वयं के आरएनए की प्रतिलिपि बनाते समय त्रुटियों को उत्पन्न करने का काम करता है, जो उत्परिवर्तन को उजागर कर प्रतिकृति को रोकता है।
    - शुरू में इन्फ्लूएंज़ा वायरस के लिये एक दवा के रूप में इसका आविष्कार किया गया था। अत: विकल्प C सही है।

21.

उत्तर: C

व्याख्या

- 'परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी' एक विशेष वित्तीय संस्थान है, जो बैंकों और वित्तीय संस्थानों से 'गैर-निष्पादित संपत्तियों' (NPAs) खरीदता है ताकि वे अपनी बैलेंसशीट को सुस्पष्ट रख सकें।
  - NPA एक ऋण या अग्रिम है जिसके लिये मूलधन या ब्याज भुगतान 90 दिनों की अवधि के लिये अतिदेय है।
- आमतौर पर ARC के एक हिस्से को नकद अग्रिम (RBI द्वारा अनिवार्य रूप से 15%) के रूप में भुगतान करके बैंकों के NPA खरीदते हैं, और शेष राशि (85%) के लिये प्रतिभूति 'रसीद' (Security Receipts) जारी करते हैं।

- सिक्योरिटाइज़ेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन ऑफ फाइनेंशियल एसेट्स एंड एनफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट'(SARFAESI), 2002 भारत में ARCs की स्थापना के लिये कानूनी आधार प्रदान करता है। अत: कथन 1 सही है।
  - सरफेसी अधिनियम न्यायालयों के हस्तक्षेप के बिना गैर-निष्पदनकारी संपत्ति के पुनर्निर्माण में मदद करता है। इस अधिनियम के तहत बड़ी संख्या में ARCs का गठन और उन्हें भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) के साथ पंजीकृत किया गया।
- RBI को ARCs को विनियमित करने की शक्ति मिली है। अत: कथन 2 सही है।

22.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने केदारनाथ (उत्तराखंड) में आदि शंकराचार्य की 12 फुट की प्रतिमा का अनावरण किया।
- आदि शंकराचार्य का जन्म 11 मई, 788 ईस्वी को कोच्चि, केरल के पास कलाडी नामक स्थान पर हुआ था।
  - 33 वर्ष की आयु में उन्होंने केदार तीर्थ में समाधि ली।
  - उन्होंने अद्वैतवाद के सिद्धांत को प्रतिपादित किया और संस्कृत में वैदिक सिद्धांत (उपनिषद, ब्रह्म सूत्र और भगवद गीता) पर कई टिप्पणियाँ लिखीं। अत: कथन 1 सही है।
  - वे बौद्ध दार्शनिकों के विरोधी थे। अत: कथन 3 सही है।
- प्रमुख कार्य
  - ब्रह्मसूत्रभाष्य (ब्रह्म सूत्र पर टिप्पणी)।
  - भजगोविंदा स्तोत्र। अत: कथन 4 सही है।
  - निर्वाण शातकम्।
  - प्राकरण ग्रंथ।
- अन्य योगदान:
  - वह भारत में उस समय हिंदू धर्म को पुनर्जीवित करने के लिये काफी हद तक ज़िम्मेदार थे जब बौद्ध धर्म लोकप्रियता प्राप्त कर रहा था।
  - सनातन धर्म के प्रचार के लिये उन्होंने शिंगेरी, पुरी, द्वारका और बद्रीनाथ में भारत के चारों कोनों पर चार मठों की स्थापना की। अत: कथन 2 सही है।

23.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वेस्ट बैंक की सीमा पूर्व में जॉर्डन और दक्षिण, पश्चिम और उत्तर में इज़रायल से लगती है। अत: विकल्प A सही है।

24.

उत्तर:C

व्याख्या:

- तेंदुआ:
  - वैज्ञानिक नाम: पैंथेरा पार्डस
    - तेंदुआ, बिग कैट्स में सबसे छोटा है (पैंथेरा जीनस से संबंधित, अन्य नामों में टाइगर, शेर, जगुआर, तेंदुआ और हिम तेंदुआ आदि शामिल हैं) तथा विभिन्न प्रकार के आवासों में अपनी अनुकूलन क्षमता के लिये जाना जाता है।
    - तेंदुआ रात में शिकार करता है।
    - यह भोजन हेतु अपनी सीमा में पाए जाने वाले शाकाहारी जीवों की छोटी प्रजातियों जैसे कि चीतल, हॉग हिरण और जंगली सूअर का शिकार करता है।

  - तेंदुओं में मेलानिज़्म एक सामान्य घटना है, जिसमें जानवर की पूरी त्वचा काले रंग की होती है, जिसमें उसके धब्बे भी शामिल होते हैं।
- एक मेलेनिस्टिक तेंदुए को अक्सर ब्लैक पैंथर या जगुआर कहा जाता है तथा भ्रांतिवश इसे एक अलग प्रजाति मान लिया जाता है।
  - अधिवास:
    - यह उप-सहारा अफ्रीका, पश्चिमी और मध्य एशिया के छोटे हिस्सों, भारतीय उपमहाद्वीप के दक्षिण-पूर्व एवं पूर्वी एशिया में एक विस्तृत शृंखला में पाया जाता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - भारतीय तेंदुआ (Panthera pardus fusca) भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जाने वाला तेंदुआ है।
  - भारत में आबादी:
    - पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट 'भारत में तेंदुओं की स्थिति, 2018' के अनुसार, "वर्ष 2014 के अनुमानों से भारत में तेंदुओं की संख्या में 60% की वृद्धि हुई है।"अत: कथन 3 सही है।
- वर्ष 2014 के अनुमानों के अनुसार, भारत में तेंदुओं की आबादी लगभग 8,000 थी जो अब बढ़कर 12,852 हो गई है।
- तेंदुओं की सर्वाधिक आबादी का अनुमान मध्य प्रदेश (3,421) में लगाया गया है, इसके बाद कर्नाटक (1,783) और महाराष्ट्र (1,690) का स्थान है।
  - खतरा:
    - खाल और शरीर के अंगों के अवैध व्यापार के लिये अवैध शिकार।
    - आवास क्षति और विखंडन
    - मानव-तेंदुआ संघर्ष
  - संरक्षण स्थिति:
    - IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य
    - CITES: परिशिष्ट-I
    - भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I
    - अत: कथन 2 सही नहीं है।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कामेंग नदी तवांग ज़िले में भारत-तिब्बत सीमा पर बर्फ से ढकी गोरी चेन पर्वत (Gori Chen Mountain) के नीचे हिमनद झील से निकलती है।
  - कामेंग एक सीमा पारीय (Transboundary) नदी नहीं है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
  - यह पश्चिम कामेंग ज़िले के भालुकपोंग क्षेत्र, अरुणाचल प्रदेश और असम के सोनितपुर ज़िले से होकर बहती है।
- यह अपने निचले बहाव क्षेत्र में यह एक गुंफित (Braided) नदी बन जाती है और यह ब्रह्मपुत्र नदी की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है। अत: कथन 2 सही है।
  - यह असम के कोलिया भोमोरा सेतु पुल के पूर्व में स्थित तेजपुर में ब्रह्मपुत्र नदी से मिलती है।
- सहायक नदियाँ: टिप्पी, टेंगा, बिचोम और दिरांग चु।
- यह पूर्वी कामेंग ज़िले और पश्चिम कामेंग ज़िलों के बीच की सीमा का निर्माण करती है।
  - यह अपने पश्चिम (अरुणाचल प्रदेश) में सेसा और ईगलनेस्ट अभयारण्यों और पूर्व में पक्के बाघ अभयारण्य (अरुणाचल प्रदेश) के बीच सीमा का निर्धारण करती है।
  - डफला पहाड़ियाँ पूर्व में हैं और आका पहाड़ियाँ कामेंग नदी के पश्चिम में स्थित हैं। अत: कथन 3 सही है।

नोट :

26.

उत्तर: C

व्याख्या:

भारत-फ्राँस रक्षा संबंधों के बारे में:

- हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिये ऑस्ट्रेलिया, यूके और यूएसए के बीच एक नई त्रिपक्षीय सुरक्षा साझेदारी 'ऑकस' (AUKUS) की घोषणा की गई है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- दोनों देशों ने पारस्परिक 'लॉजिस्टिक्स सपोर्ट एग्रीमेंट' (Logistics Support Agreement- LSA) के प्रावधान के संबंध में समझौते पर भी हस्ताक्षर किये। अत: कथन 2 सही है।
  - यह समझौता नियमित पोर्ट कॉल के साथ-साथ मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) के तहत अन्य देशों के युद्धपोतों, सैन्य विमानों एवं सैनिकों के लिये ईंधन, राशन, उपकरणों तथा बर्थिंग व रखरखाव की पुन:पूर्ति की सुविधा में मदद करेगा।
- हाल ही में फ्राँस हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA) का 23वाँ सदस्य बन गया है।
  - यह पहली बार है कि कोई ऐसा देश जिसकी मुख्य भूमि हिंद महासागर में नहीं है और उसे IORA की सदस्यता प्रदान की गई है। अत: कथन 3 सही है।

27.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सामूहिक विलुप्ति:
  - बड़े पैमाने पर विलुप्त होने की घटना तब होती है जब प्रजातियाँ प्रतिस्थापित होने की तुलना में बहुत तेज़ी से विलुप्त होती हैं।
  - इसे आमतौर पर दुनिया की लगभग 75% प्रजातियों के कम भूवैज्ञानिक समय में विलुप्त होने के रूप में परिभाषित किया जाता है- लगभग 2.8 मिलियन वर्ष से कम समय में। अत: कथन 1 सही है।
- बड़े पैमाने पर सामूहिक विलुप्ति की घटनाएँ:
  - पहली सामूहिक विलुप्ति: लगभग 445 मिलियन वर्ष पहले हुए 'ऑर्डोविशियन मास एक्सटिंक्शन' ने सभी प्रजातियों में से लगभग 85% को विलुप्त कर दिया।
  - दूसरी सामूहिक विलुप्ति: 'डेवोनियन मास एक्सटिंक्शन' (लगभग 375 मिलियन वर्ष पूर्व) ने दुनिया की लगभग 75% प्रजातियों का विनाश कर दिया।
  - तीसरी सामूहिक विलुप्ति: पर्मियन सामूहिक विलुप्ति (लगभग 250 मिलियन वर्ष पूर्व) जिसे 'ग्रेट डाइंग' के रूप में भी जाना जाता है, सभी प्रजातियों के 95% से अधिक विलुप्त होने का कारण बना।
  - चौथी सामूहिक विलुप्ति: 'ट्राइसिक मास एक्सटिंक्शन' (लगभग 200 मिलियन वर्ष पूर्व) ने कुछ डायनासोर सहित पृथ्वी की लगभग 80% प्रजातियों को समाप्त कर दिया।
  - पाँचवीं सामूहिक विलुप्ति: यह 'क्रिटेशियस मास एक्सटिंक्शन' (लगभग 65 मिलियन वर्ष पूर्व) गैर-एवियन डायनासोर की विलुप्ति के लिये जाना जाता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

28.

उत्तर: D

व्याख्या:

- पराली जलाना, अगली फसल बोने के लिये फसल के अवशेषों को खेत में आग लगाने की क्रिया है।
  - इसी क्रम में सर्दियों की फसल (रबी की फसल) की बोआई हरियाणा और पंजाब के किसानों द्वारा कम अंतराल पर की जाती है तथा अगर सर्दी की छोटी अवधि के कारण फसल बोआई में देरी होती है तो उन्हें काफी नुकसान हो सकता है, इसलिये पराली को जलाना पराली की समस्या का सबसे सस्ता और तीव्र तरीका है।

- पराली जलाने की यह प्रक्रिया अक्तूबर के आसपास शुरू होती है और नवंबर में अपने चरम पर होती है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी का समय भी है।
- पराली जलाने का प्रभाव:
  - प्रदूषण: खुले में पराली जलाने से वातावरण में बड़ी मात्रा में ज़हरीले प्रदूषक उत्सर्जित होते हैं जिनमें मीथेन ($CH_4$), कार्बन मोनोऑक्साइड (CO), वाष्पशील कार्बनिक यौगिक (VOC) और कार्सिनोजेनिक पॉलीसाइक्लिक एरोमैटिक हाइड्रोकार्बन जैसी हानिकारक गैसें होती हैं। अत: कथन 1 सही है।
    - वातावरण में छोड़े जाने के बाद ये प्रदूषक वातावरण में फैल जाते हैं, भौतिक और रासायनिक परिवर्तन से गुज़र सकते हैं तथा अंतत: स्मॉग की मोटी चादर बनाकर मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं।
  - मिट्टी की उर्वरता: भूसी को ज़मीन पर जलाने से मिट्टी के पोषक तत्त्व नष्ट हो जाते हैं, जिससे यह कम उर्वरक हो जाती है। अत: कथन 2 सही है।
  - गर्मी उत्पन्न होना: पराली जलाने से उत्पन्न गर्मी मिट्टी में प्रवेश करती है, जिससे नमी और उपयोगी रोगाणुओं को नुकसान होता है। अत: कथन 3 सही है।

29.

उत्तर: C

व्याख्या

- खाद्य मूल्य सूचकांक संयुक्त राष्ट्र खाद्य और कृषि संगठन (FAO) द्वारा जारी किया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
- इसे वर्ष 1996 में वैश्विक कृषि वस्तु बाज़ार के विकास की निगरानी में मदद के लिये सार्वजनिक रूप से पेश किया गया था।
- FAO फूड प्राइस इंडेक्स (FFPI) खाद्य वस्तुओं की टोकरी के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में मासिक बदलाव का एक मापक है। अत: कथन 2 सही है।
- यह अनाज, तिलहन, डेयरी उत्पाद, मांस और चीनी की टोकरी के मूल्यों में हुए परिवर्तनों को मापता है।
- इसका आधार वर्ष 2014-16 है।

30.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वियना वर्गीकरण (VCL) एक अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण प्रणाली है जिसे वर्ष 1973 में वियना समझौते द्वारा स्थापित किया गया था, जो मार्क्स/चिह्नों के आलंकारिक तत्त्वों का एक अंतर्राष्ट्रीय वर्गीकरण स्थापित करता है और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) द्वारा प्रशासित है।
  - WIPO संयुक्त राष्ट्र की सबसे पुरानी एजेंसियों में से एक है।इसका मुख्यालय जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड में है।
- इसमें एक पदानुक्रमित प्रणाली होती है जो सामान्य से विशेष तक आगे बढ़ती है, जो अंकों के आलंकारिक तत्त्वों को उनके आकार के आधार पर श्रेणियों, विभागों और वर्गों में वर्गीकृत करती है।अत: विकल्प A सही है।

31.

उत्तर: B

व्याख्या:

- पद्म पुरस्कारों की घोषणा प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) पर की जाती है।
  - वर्ष 1954 में स्थापित यह पुरस्कार संक्षिप्त रूप से वर्ष 1978, वर्ष 1979 और वर्ष 1993 से वर्ष 1997 के दौरान निलंबित हुआ।
- यह भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में से एक है। पद्म पुरस्कार की एक उच्च श्रेणी किसी व्यक्ति को पहले के पद्म पुरस्कार से कम-से-कम पाँच साल के अंतराल के बाद ही प्रदान की जा सकती है। अत: कथन 2 सही है।

- श्रेणियाँ- ये पुरस्कार तीन श्रेणियों में दिये जाते हैं:
  - पद्म विभूषण (असाधारण और विशिष्ट सेवा के लिये)
  - पद्म भूषण (उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा)
  - पद्म श्री (प्रतिष्ठित सेवा)
  - पद्म भूषण और पद्म श्री के बाद पद्म पुरस्कारों के पदानुक्रम में पद्म विभूषण सर्वोच्च है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- वायु मार्ग शासन की स्वतंत्रता वर्ष 1944 के शिकागो कन्वेंशन से निर्गत है।
- कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ताओं ने ऐसे नियम निर्धारित करने का निर्णय लिया जो अंतर्राष्ट्रीय वाणिज्यिक विमानन के लिये मौलिक निर्माण प्रक्रिया (Building Blocks) के रूप में कार्य करेंगे। अत: कथन 1 सही है।

शिकागो कन्वेंशन ने वायु मार्ग के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय परिवहन की अनुमति देने वाले प्रमुख सिद्धांतों की स्थापना की और अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) के निर्माण का भी नेतृत्व किया।

  - अंतर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन संगठन (ICAO) संयुक्त राष्ट्र (United Nations-UN) की एक विशिष्ट एजेंसी है, जिसे वर्ष 1944 में स्थापित किया गया था, जिसने शांतिपूर्ण वैश्विक हवाई नेविगेशन के लिये मानकों और प्रक्रियाओं की नींव रखी। अत: कथन 2 सही है।

33.

उत्तर: D

व्याख्या:

- तकनीकी वस्त्र कार्यात्मक वस्त्र होते हैं जो ऑटोमोबाइल, सिविल इंजीनियरिंग और निर्माण, कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, औद्योगिक सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा इत्यादि सहित विभिन्न उद्योगों में अनुप्रयोग होते हैं। अत: कथन 1 सही है।
- भारत में तकनीकी वस्त्रों के विकास ने विगत पाँच वर्षों में गति प्राप्त की है, जो वर्तमान में प्रतिवर्ष 8% की दर से बढ़ रहा है।
  - आगामी पाँच वर्षों के दौरान इस वृद्धि को 15-20% के दायरे में लाने का लक्ष्य है।
  - मौजूदा विश्व बाज़ार 250 अरब अमेरिकी डॉलर (18 लाख करोड़ रुपए) का है और इसमें भारत की हिस्सेदारी 19 अरब अमेरिकी डॉलर है।
  - भारत इस बाज़ार (8% शेयर) में 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ एक महत्त्वाकांक्षी भागीदार है।
  - सबसे बड़े भागीदारों में यूएसए, पश्चिमी यूरोप, चीन और जापान (20-40%) हैं।
- भारत सरकार स्वचालित मार्ग के तहत 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) की अनुमति देती है। अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र निर्माताओं जैसे- अहलस्ट्रॉम, जॉनसन एंड जॉनसन आदि ने पहले ही भारत में परिचालन शुरू कर दिया है। अत: कथन 2 सही है।
- इसका उद्देश्य निर्यात में सुधार करना और अप्रत्यक्ष रूप से वस्त्र उद्योग क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देना है।
- संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (ATUFS के तहत तकनीकी सलाहकार निगरानी समिति (TAMC) के मार्गदर्शन में कपड़ा और तकनीकी वस्त्र उत्पादों के निर्माण से संबंधित संस्थाओं को प्रौद्योगिकी उन्नयन और CIS की पेशकश की जाती है। अत: कथन 3 सही है।

34.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में 'हार्म रिडक्शन कंसोर्टियम' द्वारा 'ग्लोबल ड्रग पॉलिसी इंडेक्स' का उद्घाटन संस्करण जारी किया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।

- 'हार्म रिडक्शन कंसोर्टियम' नेटवर्क का एक वैश्विक कंसोर्टियम है जिसका लक्ष्य वैश्विक रूप से 'वॉर ऑन ड्रग्स' को चुनौती देना, नुकसान कम करने वाली सेवाओं तक पहुँच बढ़ाना और नुकसान में कमी के लिये संसाधनों को बढ़ाने की वकालत करना है।
- यह दुनिया के सभी क्षेत्रों को कवर करने वाले 30 देशों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करता है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

- यह एक अनूठा उपकरण है जो राष्ट्रीय स्तर की दवा नीतियों का दस्तावेज़ीकरण, माप और तुलना करता है।
  - यह प्रत्येक देश को स्कोर और रैंकिंग प्रदान करता है जो दर्शाता है कि उनकी दवा नीतियाँ और कार्यान्वयन मानव अधिकारों, स्वास्थ्य और विकास के संयुक्त राष्ट्र सिद्धांतों के साथ कितना संरेखित है।
  - यह सूचकांक दवा नीति के क्षेत्र में एक आवश्यक जवाबदेही और मूल्यांकन तंत्र प्रदान करता है।
- 30 देशों में भारत का स्थान 18वाँ है। इसका कुल स्कोर 46/100 है। अत: कथन 3 सही है।

35.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने लॉजिस्टिक्स इज़ अक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (LEADS) रिपोर्ट (सूचकांक) 2021 जारी की है। अत: कथन 1 सही है।
  - इसे 2018 में लॉन्च किया गया था।
- LEADS रिपोर्ट का उद्देश्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों (UT) के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन का आकलन करना और उन क्षेत्रों की पहचान करना है जहाँ वे लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन में सुधार कर सकते हैं।
  - राज्यों को सड़क, रेल और वेयरहाउसिंग जैसे प्रमुख बुनियादी ढाँचे की गुणवत्ता एवं क्षमता के साथ-साथ कार्गो की सुरक्षा, टर्मिनल सेवाओं की गति तथा नियामक अनुमोदन सहित लॉजिस्टिक्स के संचालन में आसानी के आधार पर रैंक प्रदान किया जाता है। अत: कथन 2 सही है।
  - रिपोर्ट की संरचना तीन आयामों के साथ की गई है जो सामूहिक रूप से लॉजिस्टिक्स सुविधा को प्रभावित करते हैं- अवसंरचना, सेवाएँ और संचालन तथा नियामक इकोसिस्टम जिन्हें 17 मापदंडों में वर्गीकृत किया गया है।
- राज्यों की रैंकिंग:
  - शीर्ष प्रदर्शक:
    - गुजरात, हरियाणा और पंजाब क्रमश: LEADS 2021 इंडेक्स में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले के रूप में उभरे हैं।
- यह लगातार तीसरा साल है जब गुजरात रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है। अत: कथन 3 सही है।
    - केंद्रशासित प्रदेशों में दिल्ली शीर्ष स्थान पर है।
  - उत्तर-पूर्वी राज्य और हिमालयी क्षेत्र के तहत जम्मू और कश्मीर शीर्ष स्थान पर है, उसके बाद सिक्किम तथा मेघालय हैं।

36.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यमुना, गंगा नदी की एक प्रमुख सहायक नदी है जो उत्तराखंड के उत्तरकाशी ज़िले में समुद्र तल से लगभग 6387 मीटर की ऊँचाई पर निम्न हिमालय की मसूरी रेंज से बंदरपूँछ चोटियों (Bandarpoonch Peaks) के पास यमुनोत्री ग्लेशियर से निकलती है। अत: कथन 1 सही है।
  - यमुना नदी उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से बहने के बाद प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित किया जाता है) में गंगा नदी से मिलती है।
- लखवाड़-व्यासी बांध (उत्तराखंड), ताज़ेवाला बैराज बांध (हरियाणा) आदि यमुना नदी पर निर्मित महत्त्वपूर्ण बांध है।
- महत्त्वपूर्ण सहायक नदियाँ: चंबल, सिंध, बेतवा और केन।

नोट :

37.

उत्तर: D

व्याख्या:

- हाल ही में संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (United Nations Educational, Scientific and Cultural Organization- UNESCO) ने श्रीनगर को रचनात्मक शहरों का नेटवर्क (UNESCO Creative Cities Network- UCCN) के एक भाग के रूप में नामित किया है।
- मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, वाराणसी और जयपुर के बाद श्रीनगर यह उपलब्धि हासिल करने वाला भारत का छठा शहर है।.अत: विकल्प D सही है।

38.

उत्तर: A

व्याख्या:

- सभी नागरिकों के लिये उचित और निष्पक्ष न्याय प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय कानूनी सेवा दिवस (National Legal Services Day- NLSD) मनाया जाता है।
- वर्ष 1995 में पहली बार NLSD को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाज के गरीब और कमज़ोर वर्गों को सहायता प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था।
    - सिविल, आपराधिक और राजस्व न्यायालयों, न्यायाधिकरणों या अर्द्ध-न्यायिक कार्य करने वाली किसी अन्य प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित मामलों में मुफ्त कानूनी सेवाएँ प्रदान की जाती हैं। अत: कथन 2 सही नहीं है।
    - इस दिवस को देश के नागरिकों को कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम के तहत विभिन्न प्रावधानों और वादियों के अधिकारों से अवगत कराने हेतु मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक कानूनी क्षेत्राधिकार में सहायता शिविर, लोक अदालत और कानूनी सहायता कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं।
- संवैधानिक प्रावधान:
    - अनुच्छेद 39A कहता है, राज्य यह सुनिश्चित करेगा कि विधिक तंत्र इस प्रकार काम करे जिससे समान अवसर के आधार पर न्याय सुलभ हो और विशिष्टतया यह सुनिश्चित करने के लिये कि आर्थिक या किसी अन्य निर्योग्यता के कारण कोई नागरिक न्याय प्राप्त करने के अवसर से वंचित न रह जाए, नि:शुल्क विधिक सहायता की व्यवस्था करेगा। अत: कथन 1 सही है।
    - अनुच्छेद 14 और 22(1) भी राज्य के लिये कानून के समक्ष समानता और सभी के लिये समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने वाली कानूनी व्यवस्था सुनिश्चित करना अनिवार्य बनाते हैं।

39.

उत्तर: B

व्याख्या

- प्रोजेक्ट-75
    - यह भारतीय नौसेना का एक कार्यक्रम है, जिसमें छह स्कॉर्पीन श्रेणी की 'अटैक सबमरीन' का निर्माण शामिल है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
        - कलवरी श्रेणी की पनडुब्बियों का डिज़ाइन 'फ्रेंच स्कॉर्पीन श्रेणी' की पनडुब्बियों पर आधारित है। अत: कथन 2 सही है।
    - इसे निर्माण के विभिन्न चरणों के दौरान रक्षा उत्पादन विभाग (रक्षा मंत्रालय) और भारतीय नौसेना द्वारा समर्थन दिया जाता है।
    - मझगाँव डॉक लिमिटेड (MDL) अक्तूबर, 2005 में हस्ताक्षरित 3.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर के सौदे के तहत फ्राँस के नौसेना समूह से प्रौद्योगिकी सहायता प्राप्त करने के साथ छह स्कॉर्पीन पनडुब्बियों का निर्माण कर रहा है।
        - 'मझगाँव डॉक लिमिटेड' शिपयार्ड रक्षा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है।

नोट :

- परियोजना-75 के तहत अन्य सबमरीन:
  - दो पनडुब्बियों- कलवरी और खांदेरी को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया है।
  - स्कॉर्पीन 'वागीर' का परीक्षण चल रहा है।
  - छठी पनडुब्बी- आईएनएस 'वाग्शीर' निर्माणाधीन है।

40.

उत्तर: C

व्याख्या

- हाल ही में दस संगठनों के एक वैश्विक गठबंधन ने 'ग्लोबल रेज़िलिएंस इंडेक्स इनिशिएटिव' (GRII) लॉन्च किया है।
  - इसे 'कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज़-26' के 'एडॉप्शन डे' (8 नवंबर 2021) के अवसर पर लॉन्च किया गया था, यह दुनिया का पहला क्यूरेटेड, ओपन-सोर्स रेफरेंस इंडेक्स होगा।
- इसे जलवायु जोखिमों के प्रति लचीलापन का आकलन करने हेतु एक सार्वभौमिक मॉडल के रूप में लॉन्च किया गया है।
  - यह उभरते और विकासशील देशों में आबादी को सूचित करने और उनकी रक्षा करने के लिये जलवायु एवं प्राकृतिक खतरों के जोखिमों से संबंधित डेटा प्रदान करेगा, जो जलवायु के प्रति लचीले विकास पर पेरिस समझौते के लक्ष्यों को पूरा करने के लिये आवश्यक निवेश को जुटाने हेतु एक आधार प्रदान करेगा।
  - इसका उपयोग सभी आर्थिक और भौगोलिक क्षेत्रों में समग्र जोखिम प्रबंधन में किया जा सकता है।अत: विकल्प C सही है।

41.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता (Delhi Regional Security Dialogue) का आयोजन किया गया। इस बैठक में क्षेत्रीय देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (National Security Advisors- NSA) ने हिस्सा लिया तथा इसकी अध्यक्षता भारतीय सुरक्षा सलाहकार ( Indian NSA) द्वारा की गई।
- बैठक में अफगान लोगों को 'तत्काल मानवीय सहायता' (Urgent Humanitarian Assistance) का आह्वान किया गया और अफगान परिदृश्य पर क्षेत्रीय देशों के मध्य घनिष्ठ सहयोग एवं परामर्श का आग्रह किया गया।
- यह क्षेत्रीय सुरक्षा वार्ता की तीसरी बैठक है (इससे पहले की दो बैठकें वर्ष 2018 और 2019 में ईरान में संपन्न हुईं)। अत: विकल्प C सही है।

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- खनन से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:
  - भारतीय संविधान की सूची-II (राज्य सूची) के क्रम संख्या-23 में प्रावधान है कि राज्य सरकार को अपनी सीमा के अंदर मौजूद खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार है। अत: कथन 2 सही है।
  - सूची-I (केंद्रीय सूची) के क्रमांक-54 में प्रावधान है कि केंद्र सरकार को भारत के अनन्य आर्थिक क्षेत्र (EEZ) के भीतर खनिजों पर नियंत्रण रखने का अधिकार है। अत: कथन 1 सही है।
  - सभी अपतटीय खनिजों (भारतीय समुद्री क्षेत्र में स्थित समुद्र या समुद्र तल से निकाले गए खनिज जैसे- प्रादेशिक जल, महाद्वीपीय शेल्फ और अनन्य आर्थिक क्षेत्र) पर केंद्र सरकार का स्वामित्व है।

नोट :

43.

उत्तर: A

व्याख्या:

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 की शेष अवधि से वर्ष 2025-26 तक सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (Member of Parliament Local Area Development Scheme- MPLADS) की बहाली को मंज़ूरी प्रदान की है।
  - यह एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना (Central Sector Scheme) है जिसकी घोषणा दिसंबर 1993 में की गई थी। अत: कथन 1 सही है।
- इस योजना का उद्देश्य सांसदों को मुख्य रूप से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों की सिफारिश करने में सक्षम बनाना है जिसके तहत पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़कों इत्यादि क्षेत्रों में टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष ज़ोर दिया जाता है।
  - जून 2016 से MPLADS फंड का उपयोग स्वच्छ भारत अभियान, सुगम्य भारत अभियान, वर्षा जल संचयन के माध्यम से जल संरक्षण और सांसद आदर्श ग्राम योजना आदि के कार्यान्वयन के लिये भी किया जा सकता है। अत: कथन 2 सही है।
- प्रति सांसद निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दिष्ट वार्षिक MPLADS राशि 5 करोड़ रुपए है, जो प्रत्येक 2.5 करोड़ रुपए की दो किस्तों में जारी की जाती है।
- लोकसभा सांसदों को अपने लोकसभा क्षेत्रों में ज़िला प्राधिकरण परियोजनाओं की सिफारिश करनी होती है, जबकि राज्यसभा सांसदों को इसे उस राज्य में खर्च करना होता है जिसने उन्हें सदन के लिये चुना है।
- राज्यसभा और लोकसभा दोनों के मनोनीत सदस्य देश में कहीं भी कार्यों की सिफारिश कर सकते हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।

44.

उत्तर: D

व्याख्या:

भारत-स्वीडन बहुपक्षीय संबंध:

- भारत और स्वीडन ने संयुक्त रूप से वर्ष 2019 में संयुक्त राष्ट्र जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) के सहयोग से लीडरशिप ग्रुप ऑन इंडस्ट्री ट्रांज़िशन (LeadIT) लॉन्च किया। अत: कथन 1 सही है।
- 1980 के दशक में भारत और स्वीडन ने 'सिक्स नेशन पीस समिट' (जिसमें अर्जेंटीना, ग्रीस, मैक्सिको और तंजानिया भी शामिल थे) के फ्रेमवर्क के अंतर्गत परमाणु निरस्त्रीकरण के मुद्दों पर एक साथ काम किया। अत: कथन 2 सही है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत और स्वीडन मानवीय मामलों पर एक वार्षिक संयुक्त वक्तव्य प्रस्तुत करते हैं।
- वर्ष 2013 में स्वीडिश प्रेसीडेंसी के दौरान भारत किरुना मंत्रिस्तरीय बैठक में एक पर्यवेक्षक के रूप में आर्कटिक परिषद में शामिल हुआ। अत: कथन 3 सही है।

45.

उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने नए 'सुगम्यता मानकों' हेतु मसौदा दिशा-निर्देश जारी किये हैं।
  - इनके तहत लगभग सभी टेलीविज़न चैनलों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे या तो कैप्शन या सांकेतिक भाषा का उपयोग करें, ताकि श्रवण बाधितों को प्रोग्रामिंग को समझने में मदद मिल सके।
- इन दिशा-निर्देशों का उद्देश्य 'श्रवण बाधित लोगों के लिये टेलीविज़न कार्यक्रमों हेतु सुगम्यता मानक' प्रदान करना है।
  - इन मानकों को दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत अधिसूचित किया जाएगा, ताकि सुनने में अक्षम व्यक्तियों के लिये टेलीविज़न सामग्री को अधिक समावेशी बनाया जा सके।

- सभी प्रोग्रामिंग या सामग्री जैसे- संगीत शो, वाद-विवाद, स्क्रिप्टेड/अनस्क्रिप्टेड रियलिटी शो, आदि और विज्ञापनों एवं टेलीशॉपिंग सामग्री के लिये इन मानकों का पालन करना होगा।अत: विकल्प B सही है।

46.

उत्तर: A

व्याख्या:

राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली

- दिल्ली में राष्ट्रीय संग्रहालय की स्थापना का खाका 'मौरिस ग्वायर समिति' द्वारा मई 1946 में तैयार किया गया था। अत: कथन 1 सही है।
- इसकी शुरुआत में वर्ष 1957 तक यह पुरातत्त्व महानिदेशक के अंतर्गत कार्यरत था, बाद मंख शिक्षा मंत्रालय ने इसे एक अलग संस्थान घोषित किया और अपने प्रत्यक्ष नियंत्रण में रखा। अत: कथन 2 सही नहीं है।
  - वर्तमान में राष्ट्रीय संग्रहालय संस्कृति मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है।

47.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संसदीय विशेषाधिकार का आशय संसद के दोनों सदनों, उनकी समितियों और उनके सदस्यों द्वारा प्राप्त विशेष अधिकार, उन्मुक्तियाँ और छूट प्रदान करना है।
- संविधान उन व्यक्तियों को भी संसदीय विशेषाधिकार प्रदान करता है जो संसद के किसी सदन या उसकी किसी समिति की कार्यवाही में बोलने और भाग लेने के हकदार हैं। इनमें भारत के महान्यायवादी और केंद्रीय मंत्री शामिल हैं।
- संसदीय विशेषाधिकार राष्ट्रपति को नहीं मिलते जो संसद का अभिन्न अंग भी है। संविधान का अनुच्छेद 361 राष्ट्रपति को विशेषाधिकार प्रदान करता है।
- संविधान के अनुच्छेद 105 में स्पष्ट रूप से दो विशेषाधिकारों का उल्लेख है, अर्थात् संसद में बोलने की स्वतंत्रता और इसकी कार्यवाही के प्रकाशन का अधिकार।
  - संविधान में निर्दिष्ट विशेषाधिकारों के अलावा सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 सदन या उसकी समिति की बैठक के दौरान और उसके प्रारंभ होने से 40 दिन पहले तथा इसके समापन के 40 दिन बाद तक सिविल प्रक्रिया के अंतर्गत सदस्यों को गिरफ्तारी व हिरासत से मुक्ति प्रदान कर सकती है।अत: विकल्प C सही है।

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

- रेगिस्तानी टिड्डी ( शिस्टोसेर्का ग्रेगेरिया) एक छोटे सींग वाली टिड्डी होती है।
  - जब ये एकांत में होती हैं तो कोई नुकसान नहीं करती लेकिन जिस समय टिड्डियों की आबादी तेज़ी से बढ़ती है तो इनके व्यवहार में बदलाव आता है।
  - ये विशाल झुंड बनाकर 'ग्रेगियस फेज़' (Gregarious Phase) में प्रवेश करती हैं, जो प्रतिदिन 150 किमी. तक की यात्रा कर सकती हैं और अपने रास्ते में आने वाली फसल को खा जाती हैं
- जलवायु परिवर्तन का प्रभाव: वर्ष 2020 में अरब सागर के ऊपर चक्रवाती पैटर्न में बदलाव का कारण पूर्वी अफ्रीका, पश्चिम और दक्षिण एशिया में टिड्डियों का पर्याक्रमण है।
  - ईरान में असामान्य वर्षा ने उनके प्रजनन में मदद की है।
  - टिड्डियों को निष्क्रिय उड़ने वाले के रूप में जाना जाता है और आमतौर पर ये हवा का अनुसरण करती हैं।
  - इन्हें उड़ान भरने के लिये पछुआ हवाओं से सहायता मिली है, जो बंगाल की खाड़ी में चक्रवात अम्फान (2019) के कारण बने कम दबाव के क्षेत्र से और अधिक मज़बूत हुई है। अत: कथन 1 सही है।

- टिड्डियों का पर्याक्रमण आजीविका को नुकसान पहुँचा सकता है और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में क्षेत्रीय निवेश के लिये खतरनाक साबित हो सकता है। अत: कथन 2 सही है।

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

- प्रत्येक वर्ष 11 नवंबर को स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस (National Education Day) के रूप में मनाया जाता है।
- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद जिनका मूल नाम मुहियुद्दीन अहमद था, का जन्म 11 नवंबर, 1888 को मक्का, सऊदी अरब में हुआ था।
- ये विभाजन के कट्टर विरोधी थे तथा हिंदू मुस्लिम एकता के समर्थक थे।
    - वर्ष 1912 में उन्होंने उर्दू में अल-हिलाल नामक एक साप्ताहिक पत्रिका शुरू की, जिसने मॉर्ले-मिंटो सुधारों (1909) के बाद दो समुदायों के बीच हुए मनमुटाव को समाप्त कर हिंदू-मुस्लिम एकता को स्थापित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई अत: कथन 1 सही है।
    - सरकार ने अल-हिलाल पत्रिका को अलगाववादी विचारों का प्रचारक माना और 1914 में इस पर प्रतिबंध लगा दिया।
- आज़ाद ने गांधीजी द्वारा शुरू किये गए असहयोग आंदोलन (1920-22) का समर्थन किया और 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हुए।
    - वर्ष 1923 में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वे 1940 में फिर से कॉन्ग्रेस के अध्यक्ष बने और 1946 तक इस पद पर बने रहे। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- मौलाना अबुल कलाम आज़ाद को मरणोपरांत वर्ष 1992 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। अत: कथन 3 सही है।

50.

उत्तर: B

व्याख्या

- नासा जल्द ही 'डबल एस्ट्रॉयड रिडायरेक्शन टेस्ट' (DART) नाम से अपना पहला ग्रह रक्षा परीक्षण मिशन लॉन्च करेगा।
    - 'DART' अंतरिक्षयान को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- यह मिशन भविष्य में पृथ्वी की ओर किसी क्षुद्रग्रह/एस्ट्रॉयड के आने की स्थिति में तैयार की जाने वाली नई तकनीक का परीक्षण करेगा।
    - इसका उद्देश्य नई विकसित तकनीक का परीक्षण करना है, जो एक अंतरिक्षयान को क्षुद्रग्रह से टकराकर उसकी दिशा को बदलने की अनुमति देगा। अत: कथन 2 सही है।
        - अंतरिक्षयान के क्षुद्रग्रह से टकराने के बाद वैज्ञानिक पृथ्वी पर मौजूद दूरबीनों से क्षुद्रग्रह के प्रक्षेपवक्र पर इसके प्रभाव का अध्ययन करेंगे।
        - 'DART' अंतरिक्ष में किसी क्षुद्रग्रह की गति को बदलने हेतु गतिज प्रभावकारी तकनीक का पहला परीक्षण होगा।
    - इस अंतरिक्षयान का लक्ष्य एक छोटा सा चंद्रमा है, जिसे 'डिमोर्फोस' (ग्रीक भाषा में 'दो रूपों वाला') कहा जाता है।
        - डिमोर्फोस, 'डिडिमोस' (ग्रीक भाषा में 'जुड़वाँ') नामक एक बड़े क्षुद्रग्रह की परिक्रमा करता है।

51.

उत्तर: A

व्याख्या:

- संबंधित संवैधानिक प्रावधान :
    - सूची II (राज्य सूची) की प्रविष्टि 17 के रूप में जल निकासी और तटबंधों/बाँधों को शामिल करने के आधार पर, "अंतर-राज्यीय नदियों एवं नदी के विनियमन और विकास" के मामले को छोड़कर, बाढ़ नियंत्रण कार्य राज्य सरकार के दायरे में आता है। 'घाटियों' का उल्लेख सूची I (संघ सूची) की प्रविष्टि 56 में किया गया है।

नोट :

- फ्लड-प्लेन ज़ोनिंग राज्य सरकार के दायरे में है क्योंकि यह नदी के किनारे की भूमि से संबंधित है और सूची II की प्रविष्टि 18 के तहत भूमि राज्य का विषय है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- केंद्र सरकार की भूमिका केवल परामर्श देने तथा दिशा-निर्देश के निर्धारण तक ही सीमित हो सकती है।
- संविधान में शामिल सातवीं अनुसूची की तीन विधायी सूचियों में से किसी में भी बाढ़ नियंत्रण और शमन (Flood Control and Mitigation) का सीधे तौर पर उल्लेख नहीं किया गया है। अत: कथन 1 सही है।

52.

उत्तर: D

व्याख्या:

- भारत-फ्राँस सैन्य अभ्यास शक्ति (SHAKTI) 2021 (द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास) का छठा संस्करण नवंबर में फ्राँस के फ्रेजस (Frejus) में आयोजित किया जाएगा।
  - गगन शक्ति का संचालन भारतीय वायुसेना द्वारा हिंद महासागर क्षेत्र के सम्पूर्ण विस्तारित क्षेत्र में अपने वायु सैन्य क्षमता के प्रभुत्त्व को प्रदर्शित करने के लिये किया जाता है।
  - गरुड़ शक्ति भारत और इंडोनेशिया के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
  - मित्र शक्ति भारत और श्रीलंका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
  - हरिमऊ शक्ति भारत-मलेशिया का संयुक्त सैन्य अभ्यास है।अत: विकल्प D सही है।

53.

उत्तर: C

व्याख्या

- लाल सागर एक अर्द्ध-संलग्न उष्णकटिबंधीय बेसिन (Semi-Enclosed Tropical Basin) है, जो उत्तर-पूर्व में अफ्रीका, पश्चिम और पूर्व में अरब प्रायद्वीप से घिरा हुआ है। अत: कथन 1 सही है।
- लंबा और संकीर्ण आकार का यह बेसिन भूमध्य सागर के मध्य और उत्तर-पश्चिम तथा हिंद महासागर से दक्षिण-पूर्व तक फैला हुआ है।
- उत्तरी छोर पर यह अकाबा की खाड़ी (Gulf of Aqaba) और स्वेज़ की खाड़ी (Gulf of Suez) से अलग हो जाता है, जो स्वेज़ नहर के माध्यम से भूमध्य सागर से जुड़ा हुआ है।
- दक्षिणी छोर पर यह बाब अल मंदेब (Bab-el-Mandeb) जलडमरूमध्य द्वारा अदन की खाड़ी और बाहरी हिंद महासागर से जुड़ा हुआ है। अत: कथन 2 सही है।
- यह रेगिस्तानी या अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जिसमें कोई भी बड़ा ताज़े पानी का प्रवाह नहीं है।
- 6 सीमावर्ती देश: यमन; सऊदी अरब; मिस्र; सूडान; इरिट्रिया; जिबूती।

54.

उत्तर: D

व्याख्या:

भुगतान संतुलन के घटक (BoP):

- एक देश का BoP खाता तैयार करने के लिये विश्व के अन्य हिस्सों के बीच इसके आर्थिक लेन-देन को चालू खाते, पूंजी खाते, वित्तीय खाते और त्रुटियों तथा चूक के तहत वर्गीकृत किया जाता है। यह विदेशी मुद्रा भंडार (Foreign Exchange Reserve) में परिवर्तन को भी दर्शाता है।
- चालू खाता: यह दृश्यमान (जिसे व्यापारिक माल भी कहा जाता है- व्यापार संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है) और अदृश्यमान वस्तुओं (गैर-व्यापारिक माल भी कहा जाता है) के निर्यात तथा आयात को दर्शाता है।
  - अदृश्यमान में सेवाएँ, विप्रेषण और आय शामिल हैं।

- पूंजी खाता: यह किसी देश के पूंजीगत व्यय और आय को दर्शाता है।
  - यह एक अर्थव्यवस्था में निजी और सार्वजनिक निवेश दोनों के शुद्ध प्रवाह का सारांश देता है।
  - बाहरी वाणिज्यिक उधार (External Commercial Borrowing), प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (Foreign Direct Investment), विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (Foreign Portfolio Investment) आदि पूंजी खाते के हिस्से हैं।
- त्रुटियाँ और चूक: कभी-कभी भुगतान संतुलन की स्थिति न होने के कारण इस असंतुलन को BoP में त्रुटियों और चूक (Errors and Omissions) के रूप में दिखाया जाता है। यह सभी प्रकार के अंतर्राष्ट्रीय लेन-देन को सही ढंग से रिकॉर्ड करने में देश की अक्षमता को दर्शाता है।
- विदेशी मुद्रा भंडार में परिवर्तन: मुद्रा भंडार में होने वाले उतार-चढ़ाव में भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा धारित विदेशी मुद्रा आस्तियों में परिवर्तन और विशेष आहरण अधिकार (SDR) परिवर्तन शामिल हैं। अत: विकल्प D सही है।

55.

उत्तर: A

व्याख्या

'महाद्वीपीय विस्थापन' सिद्धांत:

- 'महाद्वीपीय विस्थापन' सिद्धांत महासागरों और महाद्वीपों के वितरण से संबंधित है। यह पहली बार वर्ष 1912 में एक जर्मन मौसम विज्ञानी अल्फ्रेड वेगेनर द्वारा प्रस्तुत किया गया था।
- इस सिद्धांत के मुताबिक, मौजूदा सभी महाद्वीप अतीत में एक बड़े भूखंड- 'पैंजिया' से जुड़े हुए थे और उनके चारों ओर एक विशाल महासागर- पैंथालसा मौजूद था।
- लगभग 200 मिलियन वर्ष पहले पैंजिया विभाजित होना शुरू हुआ और क्रमश: उत्तरी एवं दक्षिणी घटकों का निर्माण करते हुए लारेशिया तथा गोंडवानालैंड के रूप में दो बड़े महाद्वीपीय भूभागों में टूट गया।
- इसके बाद लारेशिया और गोंडवानालैंड विभिन्न छोटे महाद्वीपों में टूटते रहे जो क्रम आज भी जारी है। अत: विकल्प A सही है।

56.

उत्तर: B

व्याख्या

- हाल ही में अरुणाचल प्रदेश ने बड़ी और चमकीली रंग की तितली 'कैसर-ए-हिंद' को राज्य तितली के रूप में मंज़ूरी दी है। 'कैसर-ए-हिंद' का शाब्दिक अर्थ है 'भारत का सम्राट'।
- यह दुर्लभ और स्वेलोटेल तितलियों में से एक है जो मध्यम और उच्च ऊँचाई वाले स्थानों पर पाई जाती है।
  - स्वॉलोटेल, तितली परिवार- 'पैपिलियोनिडे' ('लेपिडोप्टेरा' ऑर्डर) में तितलियों का एक समूह है।
- 90-120 मिलीमीटर के पंखों वाली यह तितली पूर्वी हिमालय के साथ (पश्चिम बंगाल, मेघालय, असम, सिक्किम और मणिपुर) में भी पाई जाती है।
  - इसकी उपस्थिति एक बेहतर वन पारिस्थितिकी तंत्र एवं संरक्षण के अस्तित्व को इंगित करती है।
  - यह तितली नेपाल, भूटान, म्याँमार, लाओस, वियतनाम और दक्षिणी चीन में भी पाई जाती है। अत: विकल्प B सही है।

57.

उत्तर: D

व्याख्या:

- वर्ष 1976 में संविधान के 42वें संशोधन द्वारा शिक्षा को राज्य सूची से समवर्ती सूची में स्थानांतरित कर दिया गया। अत: कथन 1 सही नहीं है।
- वर्ष 2002 में संविधान के 86वें संशोधन द्वारा शिक्षा को अनुच्छेद 21(A) के तहत प्रवर्तनीय अधिकार बना दिया गया।

- भारतीय संविधान के भाग IV, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों (DPSP) के अनुच्छेद 45 और अनुच्छेद 39 (f) में राज्य द्वारा वित्तपोषित समान और सुलभ शिक्षा का प्रावधान है।
- वर्ष 2002 में 86वें संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों को बढ़ाकर ग्यारह कर दिया गया, जिसने प्रत्येक माता-पिता या अभिभावक पर यह सुनिश्चित करने के लिये एक कर्तव्य जोड़ा कि उनके बच्चे या वार्ड को छह से चौदह वर्ष की आयु के बीच शिक्षा का अवसर प्रदान किया जाए। अत: कथन 2 सही नहीं है।

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री ने एकीकृत लोकपाल योजना लॉन्च की है। यह आरबीआई (RBI) की तीन लोकपाल योजनाओं- वर्ष 2006 की बैंकिंग लोकपाल योजना, वर्ष 2018 की एनबीएफसी ( NBFCs) के लिये लोकपाल योजना और वर्ष 2019 की डिजिटल लेन-देन की लोकपाल योजना को समाहित करता है।
- एकीकृत लोकपाल योजना भारतीय रिज़र्व बैंक विनियमित संस्थाएँ जैसे- बैंक, एनबीएफसी (गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियाँ) और प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट प्लेयर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में कमी से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों का निवारण करेगी, अगर शिकायत का समाधान ग्राहकों की संतुष्टि के अनुसार नहीं किया जाता है या विनियमित इकाई द्वारा 30 दिनों की अवधि के भीतर जवाब नहीं दिया जाता है। अत: कथन 1 सही है।
    - इसमें गैर-अनुसूचित प्राथमिक सहकारी बैंक भी शामिल हैं जिनकी जमा राशि 50 करोड़ रुपए या उससे अधिक है। यह योजना आरबीआई लोकपाल तंत्र के क्षेत्राधिकार को तटस्थ बनाकर 'एक राष्ट्र एक लोकपाल' दृष्टिकोण अपनाती है। अत: कथन 2 सही नहीं है।
- यह योजना अपवर्जनों की निर्दिष्ट सूची के साथ शिकायत दर्ज करने के आधार के रूप में 'सेवा में कमी' को परिभाषित करती है।
    - अत: शिकायतों को अब केवल "योजना में सूचीबद्ध आधारों के अंतर्गत शामिल नहीं" होने के कारण खारिज नहीं किया जाएगा।
    - यह योजना क्षेत्राधिकार तटस्थ है और किसी भी भाषा में शिकायतों के प्रारंभिक निपटान के लिये चंडीगढ़ में एक केंद्रीकृत रिसीप्ट और प्रसंस्करण केंद्र स्थापित किया गया है।
- एकीकृत योजना के तहत उपभोक्ता शिक्षा और संरक्षण विभाग के प्रभारी आरबीआई के कार्यकारी निदेशक अपीलीय प्राधिकारी होंगे। अत: कथन 3 सही नहीं है।

59.

उत्तर. D

व्याख्या:

- बाल्टिक सागर उत्तरी अटलांटिक महासागर का ही विस्तार है, जो दक्षिणी डेनमार्क के अक्षांश से उत्तर की ओर लगभग आर्कटिक सर्कल तक फैला हुआ है और शेष महाद्वीपीय यूरोप से स्कैंडिनेवियाई प्रायद्वीप को अलग करता है।.
- पश्चिम से दक्षिणावर्त आगे बढ़ते हुए बाल्टिक सागर से सीमा साझा करने वाले देश डेनमार्क, स्वीडन, फिनलैंड, रूस, एस्टोनिया, लातविया, लिथुआनिया, पोलैंड और जर्मनी हैं। अत: विकल्प D सही है।

60.

उत्तर: D

व्याख्या:

- कामो-ओलेवा:
    - वर्ष 2016 में खोजा गया (हवाई में PanSTARRS टेलीस्कोप के माध्यम से) कमो-ओलेवा एक ऐसा शब्द है जो एक हवाईयान चैंट (गीत) का हिस्सा है अर्थात् एक घूमता हुआ अंतरिक्ष का टुकड़ा है।
    - यह पृथ्वी के अर्द्ध-उपग्रहों में से एक है, एक अंतरिक्ष चट्टान जो सूर्य की परिक्रमा करता है, लेकिन ग्रह के अपेक्षाकृत नज़दीक मौजूद होता है, अर्थात् लगभग 9 मिलियन मील दूर।
    - क्षुद्रग्रह सामान्यत: फेरिस व्हील के आकार के होते हैं जिनका व्यास 150 से 190 फीट के मध्य होता है।
    - इसके छोटे आकार (लगभग 50 मीटर चौड़े) के कारण इस अर्द्ध-उपग्रह का अध्ययन करना वैज्ञानिकों के लिये कठिन रहा है और इसके बारे में अब तक बहुत कम जानकारी उपलब्ध थी। अत: विकल्प D सही है।

नोट :